राज
कॉमिक्स
संख्या 0460
रोबो का प्रतिशोध
सुपरकमांडो ध्रुव
RAJ COMICS
राज
कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA

कथा एवं चित्र : अनुपम सिन्हा संपादन: मनीष गुप्ता

'ब्लैक कैट' में आपने पढ़ा, एक अज्ञात व्यक्ति ने मंडी बस स्टाप पर ए. के. 56 राइफल से गोलियां चलाईं। पांच लोग मारे गए। उसी अज्ञात व्यक्ति के सूचना पर पुलिस ने नताशा के फ्लैट से ए.के. 56 राइफल बरामद की। पर पुलिस नताशा को न पकड़ पाई। नताशा के ग्रैंड मास्टर रोबो के गैंग से संबंधित होने की सूचना ब्लैक कैट ने भी सुनी, और वह आतंकवादियों से हथियार छीनकर नताशा के पीछे लग गई। ध्रुव से हुए मुकाबले में उसे मुंह की खानी पड़ी। पर ध्रुव के घटनास्थल से हटते ही वह चंडिका को मात देकर भाग खड़ी हुई। ध्रुव नताशा के पीछे पुराने शहर जा पहुंचा। पर उसी अज्ञात व्यक्ति की सूचना पर पुलिस भी वहां जा पहुंची। ध्रुव ने उसे पकड़ना चाहा, पर उसके हाथ में सिर्फ ओवरकोट का फटा टुकड़ा लगा। नताशा पुलिस के लॉकअप में पहुंच गई, और उसे छुड़ाने की मुहिम शुरू हुई। जिसमें ब्लैक कैट और प्लास्टो साथ थे। नताशा को ब्लैक कैट ने बेहोश कर दिया। पर प्लास्टो ध्रुव के चंगुल में फंस गया। ब्लैक कैट ने ध्रुव पर बम से हमला किया। और ध्रुव को घायल करके प्लास्टो और ब्लैक कैट, नताशा को लेकर भाग निकले। अब आगे पढ़िए-

यह क्या?
इस आग को पार करने की कोशिश मत करना, प्लास्टो।
वरना प्लास्टिक चाहे बुलेट प्रूफ हो, आग में गल जाती है।
चंडिका!
मुझे मालूम था कि तुम लोग इसी रास्ते से भागोगे।
क्योंकि मैंने झाड़ियों के पार खड़ा तुम्हारा 'कॉप्टर प्लेन' देख लिया था।
तुमने ध्रुव के साथ जो किया, उसका बदला लेने को मेरे हाथ अभी भी मचल रहे हैं।
पर दो मिनटों के अन्दर स्पेशल पुलिस फोर्स यहाँ आकर तुमसे वह हिसाब चुका लेगी।
ब्लैक कैट की आंखों में भय के बजाय क्रोध भड़क उठा-
ये मुझे रोबो तक पहुंचने से रोकना चाहती है।
पर ब्लैक कैट को तो अब यमराज भी नहीं रोक सकते।
कमाल की छलांग थी-
हवा में ही ब्लैक कैट ने कलाबाजी खाई।

और उसका शरीर, चंडिका के साथ-साथ जमीन पर आ गिरा—
आईया
धड़ाक
लेकिन अगर ब्लैक कैट ने रोबो तक पहुंचने का दृढ़ निश्चय कर रखा था...
ताड़
...तो चंडिका ने भी ध्रुव के हमलावरों को न भागने देने की कसम खाई थी।
दो क्रुद्ध शेरनियां, आपस में लड़ रही थीं।
टिशूं
शक्ति और फुर्ती में दोनों ही, एक दूसरे पर भारी थीं—
धाम
परंतु चंडिका का अनुभव, ब्लैक कैट से कहीं ज्यादा था।

कुछ ही पलों की भीषण लड़ाई के बाद-
ब्लैक कैट का बदन चंडिका के बूटों के नीचे दबा था।
चंडिका का ध्यान पल भर के लिए बंटा।
तभी- हवा में दूर से आती पुलिस सायरनों की आवाजें गूंजने लगीं।
और ब्लैक कैट के बैग में से एक बिल्ली उछलकर-
चंडिका की गर्दन पर आ चिपकी।
कुछ पलों के लिए बिल्ली ने चंडिका को अंधा कर दिया।
और ब्लैक कैट ने यह मौका नहीं खोया।

पुलिस सायरनों की आवाज़ें और पास आ गई थीं।
व्हीं व्हीं व्हीं व्हीं व्हीं व्हीं
ब्लैक कैट तेजी से अंधेरे में गुम हो गई।
आग की गर्मी से झुलस रहा प्लास्टो यह देखकर बिलबिला उठा।
ओफ! यह धोखेबाज रेन मौके पर मेरा साथ छोड़ गई!
और कुछ ही सेकेंड बाद—
पुलिस ने प्लास्टो को घेर लिया था।
हिलना मत! वरना इतनी गोलियां बदन में धंस जाएंगी कि वजन दुगुना हो जाएगा।
तुम एक हो, और हम बीस!
तुमको तो हम बगैर गोली चलाए, कब्जे में ले सकते हैं।
ये मूर्खता मत करना! गोलियां मुझ पर तो बेअसर रहेंगी, पर इस लड़की का बदन इतना सख्त नहीं है।
ओफ! क्या मेरी सारी मेहनत ऐसे ही मिट्टी में मिल जाएगी!

तभी- गोलियों की बौछार आसमान से लपकी।

तड़ तड़ तड़ तड़

हर निशाना सधा हुआ था-

ब्लैक कैट कॉप्टरप्लेन में ऊपर मंडरा रही थी।

प्लास्टो! चेन पकड़ो!

पुलिस के कुछ एक्शन ले पाने से पहले ही-

कॉप्टर-प्लेन नजरों से ओझल हो चुका था।

ध्रुव भी ब्लैक कैट को, अपना काम पूरा करने से नहीं रोक पाया था।

अपराधियों का काल, आज अपने काल की तरफ बढ़ रहा था।
हीं हीं हीं हीं
अगले दिन के सारे अखबार एक ही सुर्खी से रंगे थे।
दैनिक जागरण
ध्रुव बम विस्फोट में घायल।
डाक्टरों के अनुसार हालत बहुत गंभीर...
पर किसी को भी इस खबर पर यकीन नहीं हो रहा था।
यह नहीं हो सकता।
यह झूठ है।
हमारा हीरो कभी मर नहीं सकता।
रहम कर, वाहे गुरु।
डॉक्टर दवा कर रहे थे-
और पूरा शहर दुआ।
हे भगवान! ध्रुव भइया को अच्छा कर दो तो मैं झूठ बोलना छोड़ दूंगा।
या अल्लाह! उस नेकी और इंसाफ के फरिश्ते की जिंदगी बख्श दे।
बदले में मेरी जान छीन ले।
ओ जीजस! जब तक तुम ध्रुव को अच्छा नहीं करेगा, तब तक हम कुछ नहीं खाएगा। पानी भी नहीं पिएगा।
पर कुछ लोग, उल्टी दुआ भी मांग रहे थे।
ये मर जाए तो घी के दिए जलाऊंगा।
बचने की उम्मीद ही नहीं है यार।
वह गंभीर रूप से घायल है।
अब इस शहर में हम बेखटके अपना शिकार कर सकते हैं।
अब हमें रोकने वाला कोई नहीं बचा।
तड़ तड़ तड़ तड़
याऽऽहू...

खबर दूर-दूर तक जा पहुंची थी।
कमाल हो गया। यानि प्लास्टो का बताया हुआ एक एक शब्द सच था!
NEWS FLASH
सुपर कमांडो ध्रुव बम विस्फोट में गंभीर रूप से घायल
जो काम मैं अपनी पूरी ताकत लगा कर भी नहीं कर पाया, वह तूने कर दिखाया।
तूने ग्रैंड मास्टर रोबो का दिल जीत लिया ब्लैक कैट!
आज से तू हमारी रोबो आर्मी की 'डिप्टी कमांडर' है।
यह मेरी खुशकिस्मती है, रोबो बॉस!
पर कमांडर कौन रहेगा?
नताशा!
मेरी बेटी नताशा।
नताशा आपकी बेटी है?
हां! ध्रुव इसको फुसला कर मुझसे दूर ले गया था।
मैं इसको बहला कर अपने पास ले आया।
क्योंकि मुझे अपनी आर्मी को पहले जैसी बड़ी बनाने के लिए, नताशा जैसी अनुभवी कमांडर की जरूरत है।
इसलिए पहले मैंने इसको अपराधी साबित कराया। और फिर पुलिस के चंगुल से छुड़ाकर यहां तक ले आया।
नताशा अगर सच जान गई तो वह फिर से आपके खिलाफ हो जाएगी।
कभी नहीं! मेरे पास उसका भी इंतजाम है।
यह कंप्यूटर चिप्स!
यह आपरेशन द्वारा नताशा के दिमाग में फिट करने के बाद...
उसका दिमाग हमेशा मेरे कंट्रोल में रहेगा।
मेरे हर आदमी के दिमाग में यह 'कंप्यूटर चिप्स' फिट है। जिसको मैं इस कंप्यूटर सिस्टम से कंट्रोल करता हूं।

वे मेरे खिलाफ बगावत करने की सोच भी नहीं सकते!
वाह! कमाल का सिस्टम है। पर अगर यह कभी फेल हो गया तो?
तो मैं तबाह हो जाऊंगा।
यह सिस्टम कभी खराब नहीं हो सकता।
इसको सिर्फ एक ही आदमी फेल कर सकता था...
इस कंप्यूटर सिस्टम को बनाने वाला!
पर बेचारे की स्विमिंग पूल में डूब कर मौत हो गई।
यानि इस कंप्यूटर चिप्स को मेरे दिमाग में भी लगाया जाएगा!
नहीं, नहीं! तुम अपनी वफादारी का पर्याप्त सबूत दे चुकी हो!
आओ! मैं तुमको एक सफल आतंकवादी बनने के गुर बताता हूं!
हिमालय की बर्फीली चट्टानों के गोद में बसा — एक वीरान शहर।
यहां पर कभी कोयले की खानें हुआ करती थीं।
पर खानों में आग लग जाने के कारण, इस जगह को खाली कर दिया गया-
इस चट्टानी सतह के नीचे, कोयलों की पर्त आज भी दहक रही है।
इसीलिए अब यहां पर चिड़िया भी पर नहीं मारती।
संभल कर! चढ़ाई बहुत खतरनाक है।
यहां पर आने की कोशिश या तो कोई पागल करेगा...

...और या फिर- रोबो जैसा खूंखार अपराधी-
जी हाँ, यही है, ग्रैंडमास्टर रोबो की मांद।
और आज उस मांद के पहरे पर बैठा है-प्लास्टो।
हाहाहा हा!
क्या खबर है। मन करता है कि पढ़ता ही रहूं। पढ़ता ही रहूं।
सुपर कमांडो ध्रुव बम विस्फोट में घायल...
हालत गंभीर।
बचने की उम्मीद.. है।
दैनिक सवेरा
सुपर कमांडो
विस्फोट में
चर्ररर्र
ध... ध... ध्रुव... तुम...तुम बच गए?
ध्रुव को जान ऊपर वाले ने दी है।
और यह तभी जाएगी जब वह चाहेगा।
यानि वह... खबर...
झूठी है। मैंने छपवाई है।
ताकि तुम्हारा मालिक रोबो थोड़ी देर के लिए खुश तो हो ही ले।
पर...पर... तुमको यहाँ का पता किसने बताया?
तुमने, प्लास्टो!
मैंने? कब?

जब तुमने, पुराने शहर में मुझे कार की छत से गिराया था, तब मेरे हाथों में तुम्हारे ओवरकोट का टुकड़ा फट कर आ गया था।
उस टुकड़े में जेब भी थी।
और जेब में कुछ कागज थे।
उन्हीं में से एक कागज पर, इस कोयला खान का नाम लिखा हुआ था।
अब तुम मुझको यह बताओ कि नताशा कहां है? रोबो ने यह षड्यंत्र क्यों रचा था?
यह मैं तुझको तब बताऊंगा...
...जब मैं और तू नर्क में मिलेंगे।
धाड़
मेरा नर्क में जाने का कोई इरादा नहीं है, प्लास्टो...
भड़ाम
और न ही मेरा!

चंडिका! तुम्हीं!
अपना अधूरा काम पूरा करने आई हूं, प्लास्टो!
चंडिका प्लास्टो की तरफ लपकी-
लेकिन चंडिका की प्लास्टो से यह पहली लड़ाई थी।
उसको प्लास्टो के शरीर की कठोरता का अहसास नहीं था।
एक वार से उसका दिमाग अंधेरे में डूबता चला गया।
लेकिन ध्रुव ने प्लास्टो की कमजोर नस ढूंढ ली थी।
इसका पूरा शरीर तो बुलेटप्रूफ प्लास्टिक से ढका है...
...पर इसके मुंह और नाक के छेद खुले हैं!
धूल का गुबार प्लास्टो की सांस के साथ अंदर घुस गया।
आक छीं
एक छींक के साथ उसकी आंखें बंद हो गईं।
और उसी पल ध्रुव के एक करारे घूंसे ने उसके दांतों के साथ दिमाग के हर कोने को भी हिला दिया-
धड़ाक

दूसरे घूंसें ने दांतों की जड़ें उखाड़ दीं-
भड़ाम
और बूट की करारी ठोकर ने कुछ दांत, उसके हलक के नीचे उतार दिए।
ताड़
प्लास्टो के मुंह से खून की फुहार उबल पड़ी।
बता, प्लास्टो! वरना तेरे सारे दांत तेरे पेट में भर दूंगा।
बताता हूं! बताता हूं!
ध्रुव पल भर के लिए रुका।
और प्लास्टो अपनी चाल चल गया।
बताता हूं!
कनपटी पर ठोकर से, ध्रुव का सिर झनझना उठा।
और प्लास्टो ने बला की फुर्ती दिखाते हुए, उसे कोयला ढोने वाली बेल्ट के साथ कस दिया।
एक स्विच ऑन हुआ।

और मशीन हरकत में आ गई।
घर्ररर्र
बेल्ट कोयले के टुकड़ों के साथ ध्रुव के शरीर को लेकर कोयला तोड़ने वाले विशाल हथौड़े की तरफ बढ़ने लगी।
धमम
ओह! मैं इन बंधनों को तोड़ सकता हूं। पर जब तक मैं इन बंधनों को तोड़ूंगा, यह हथौड़ा मेरी हड्डियां तोड़ चुका होगा।
मौत से बचने के लिए मेरे पास कुछ ही सेकेंड हैं।
ध्रुव का हाथ घूमा-
घर्रर्रर्र
कोयले का टुकड़ा-
ठक
घर्रर्रर्र
घर्रर्रर्र
स्विच से टकराया-
और मशीन बंद हो गई।

उसी पल–ध्रुव अपने बंधनों से आजाद हो गया–

और मशीन फिर से ऑन करता प्लास्टो, एक किक खाकर दूर जा गिरा।

और ध्रुव ने उसको दबोच लिया!

गड्ढे के अंदर दहकते कोयले की लाली, अंधा किए दे रही थी।

गर्मी पारदर्शक खाल से सीधी, प्लास्टो के दिमाग तक पहुंच रही थी।

आह! बताता हूं! बताता हूं! मुझे छोड़ दो!

एक मिनट, ध्रुव!

अभी इसे मत छोड़ना। पहले मैं सच बोलने का इंतजाम कर लूं।

और ध्रुव के शक्तिशाली हाथ उसका कंधा उतारने को बेताब थे।

चंडिका!

चंडिका ने एक बड़ा सा कैप्सूल, प्लास्टो के टूटे दांतों से अंदर घुसेड़ दिया।
अब इसे छोड़ दो।
यह तुमने मुझे क्या खिला दिया है?
यह एक जहर का कैप्सूल है, प्लास्टो।
इसको खाने के कुछ घंटे बाद आदमी मर जाता है।...
...तड़प-तड़प कर।
पर मेरे पास इसकी काट भी है।
नहीं। तुम झूठ...
ई या या!
मेरे पेट में जलन हो रही है।
मेरे गले में आग लग रही है।
यह जहर का पहला असर है, प्लास्टो।
अब सौदा सीधा सा है। तुम हमको रोबो का पता बताओ।
और मैं तुमको इस जहर की काट दे दूंगी।
रोबो...
उधर एक इमारत में है।
कमांडर नताशा भी वहीं पर है।
वेरी गुड! प्लास्टो अच्छा बच्चा है।
अब आगे-आगे चलकर हमको रास्ता दिखाओ।
एक बार मुझे जहर की काट मिल जाए...
फिर तुझे सीधे यम-लोक का रास्ता दिखाऊंगा।
नताशा पर आपरेशन सफल रहा था-
तुम पर यही पोशाक फबती है, नताशा।
हां, पापा! मैं मूर्ख थी जो मैं कानून का साथ देने चली थी।
अब मेरा दिमाग एकदम साफ हो गया है।

☆ पढ़ें 'सुपर कमांडो ध्रुव और ग्रैंडमास्टर रोबो

रात का अंधेरा और गहरा होते ही-ध्रुव तथा चंडिका अलग-अलग रास्तों से इमारत के अंदर प्रवेश कर रहे थे।
इस कमरे में अंधेरा है।
यहीं से काम शुरू करना ठीक रहेगा।
सबसे पहला काम नताशा को ढूंढकर समझाना है।
और समय कम है...
इसीलिए मैंने चंडिका को अलग भेज... अरे!
तभी ध्रुव के पूरे शरीर को एक तेज़ झटका लगा-
ई याया ऊ!
ध्रुव ने पैर अंदर रखा-
और उसका पूरा शरीर पानी में घुसता चला गया।
यह तो खारा समुद्री पानी है!
यानि सेबो का अभी समुद्र से लगाव खत्म नहीं हुआ है।
अब तक ध्रुव की आंखें अंधेरे में देखने की अभ्यस्त हो चुकी थीं।
ओह! यह तो 'ईल' मछली है। जिसे अपने शत्रु को करेंट द्वारा बेबस करने की क्षमता होती है।
ध्रुव तेजी से पानी से बाहर निकला-
ईयाऊ
मेरे कॉलर के अंदर कुछ रेंग रहा है।

शुक्र है कि इसने मुझे तेज करेंट नहीं मारा...
... वरना यह तो घोड़े को भी बेहोश... कोई अंदर आ रहा है।
अभी अंदर कोई चीखा था।
बत्तियां जलीं
...और दोनों की ही आंखें फैल गईं।
ध्रुव!
यहां पर?
और जिंदा!
हे भगवान! क्या सॉलिड नमूना बनाया है। यह तो रावण का भाई लग रहा है।
और फुर्तीला भी है!
तू कशर के हाथों नहीं बचेगा।
धाड़
इसका एक वार ही मेरी खोपड़ी चकनाचूर करने के लिए काफी है।
तेरी खोपड़ी देख कर रोबो बॉस मुझे इतना इनाम देंगे, जितना मैंने पूरी जिंदगी में नहीं कमाया।
पर जो जितना बड़ा होता है...
उतनी ही जल्दी गिरता भी है।
तड़ाक

ध्रुव ने क्रशर की खोपड़ी को पूरी शक्ति से दीवार पर दे मारा।
भड़!
काय़दे से क्रशर को बेहोश हो जाना चाहिए था।
पर हर काम काय़दे से नहीं होता है।
आऊऊ! इसका शरीर तो लोहे में ढला लग रहा है।
ईल! अब तू ही मेरी मदद करना।
दूसरे झटके ने क्रशर की आधी ताकत को खत्म कर दिया।
एक ही एक्शन में ध्रुव ने ईल को पानी सहित, क्रशर के कपड़े के अंदर पलट दिया।
और क्रुद्ध ईल ने एक जबरदस्त झटका मारा -
आऽऽऽई

और बेदम क्रशर, इस बार अपने होश संभाल कर नहीं रख पाया।
धड़ाककक
पर क्रशर की चीखों ने पूरी इमारत को गुंजा दिया था।
और ध्रुव की उपस्थिति का पता सबको चल गया था –
लेकिन ध्रुव, नताशा के साथ-साथ ब्लैक कैट और प्लास्टो को वापस ले जाने का बीड़ा उठा चुका था –
तड़ तड़ त ड तड़
बंदूक धारियों के बीच घूमते ध्रुव पर नजरें टिका पाना भी मुश्किल था।
गोलियां, बंदूकों से बाहर निकलना भूल चुकी थीं।

तभी- एक कड़कदार आवाज ने ध्रुव के हाथ थाम लिए-
रूक जाओ, कमांडो!
वर्ना इस लड़की का भेजा फर्श पर बिखरा नजर आएगा।
नताशा! यह तुम क्या कर रही हो?
क्या तुम चंडिका को भी नहीं पहचानती।
नताशा अपने दुश्मनों को कभी नहीं भूलती, सुपर कमांडो ध्रुव!
जब मैंने इसे समझाने की कोशिश की, तो इसने मुझे भी यही जवाब दिया ध्रुव!
ट्रूप्स! बांध दो इन दोनों को खम्भों से!
हा हा हा! देखा ब्लेक कैट?
मैं दिमागों को कैसे कंट्रोल करता हूं! अब तुम आगे का तमाशा देखती जाओ!
रोबो की अदालत तुम दोनों को मौत की सजा सुनाती है।
डेथ बाई बुलेट!
नताशा! होश में आओ! अब पुलिस भी जान गई है कि तुम निर्दोष हो!
तुमको फंसाने की स्कीम रोबो ने बनाई थी।

चिल्लाते रहो ध्रुव! नताशा इसवक्त वही करेगी, जो मैं चाहूंगा।
रोबो यह दृश्य देखने में इतना खोया हुआ था-

कि वह 'ब्लैक कैट' पर ध्यान ही नहीं दे रहा था।
जिसकी उंगलियां तेजी से कंप्यूटर सिस्टम के बटनों पर फिसल रही थीं।

रेडी! रोबो ट्रूप्स, निशाना साधो।
क्लिक
कट

कंप्यूटर स्क्रीन पर रुक-रुक करके लाइनें गायब हो रही थीं।

वन...टू... थ्री...

कंप्यूटर की स्क्रीन साफ हो रही थी।

फायर!

एक बेआवाज चमक के साथ कंप्यूटर की स्क्रीन साफ हो गई।

फाय... अरे! यह मैं क्या कर रही हूं?
नताशा की कड़कदार आवाज फिर से मुलायम हो गई।
ट्रिगरों पर दबती उंगलियां ढीली पड़ गईं।
हम इन पर गोलियां चलाने क्यों जा रहे थे?
यह क्या हुआ? इन पर से मेरा कंट्रोल खत्म कैसे हो गया?
अरे! मेरा 'कंप्यूटर सिस्टम फेल' हो गया।
तूने मेरा सिस्टम कैसे बेकार कर दिया? इसे तो सिर्फ कंप्यूटर प्रोग्रामर रामन ही...
मैं उसी कंप्यूटर प्रोग्रामर रामन की बेटी हूं, सेबो!
क्या?
हां सेबो! वही रामन, जिससे तुम बिजनेसमैन के रूप में, रामाडा क्लब के स्विमिंग पूल के किनारे मिले थे! पर जब वह तुम्हारी असलियत जान गए...
...तो तुमने उनसे प्रोग्राम हथियाकर स्विमिंग पूल में डुबो कर मार देना चाहा।
पर डैडी उस वक्त मरे नहीं थे। वे अस्पताल जाकर मरे। पर मरने के पहले उनको एक बार होश आया था—
और उन्होंने एक ही नाम बोला था...ग्रैंडमास्टर सेबो! आतंकवादी।
उस वक्त मैं छोटी थी।
जिम्नास्टिक की ट्रेनिंग चल रही थी मेरी।

पुलिस ने इस घटना को आत्महत्या का नाम दिया। मेरी बात किसी ने नहीं सुनी। मैं कानून की दीवारों से सिर मारती रह गई।
तुमको तबाह करने की मेरी इच्छा आज पूरी होगी, रोबो!
मेरी कई सालों की तलाश आज खत्म होगी।
कानून से मुझे नफरत हो गई।
और मैंने बदले की मशाल खुद थाम ली।
तेरी तलाश, तेरी लाश के साथ खत्म होगी, लड़की!
रोबो को धोखा देने वाला आज तक जिंदा नहीं बचा!
ब्लैक कैट के दिल में धधकती बदले की आग, ज्वालामुखी बन कर फट पड़ी।
तड़तड़
तड़
तड़
खटाक
दोनों ही एक-दूसरे के लहू के प्यासे हो रहे थे।
और ध्रुव रोबो की तरफ बढ़ रहा था।
इस बार रोबो मुझसे बचकर नहीं जा पाएगा।
पर यह याद रखना ध्रुव...

...रोबो का अड्डा खत्म करने में, मैं तुम्हारी मदद करूंगी।

पर रोबो को शारीरिक नुकसान पहुंचाने से पहले तुमको मुझसे टकराना पड़ेगा।

ऐसा नहीं... अरे! ब्लैक कैट!

तभी ब्लैक कैट का बदन कोरी डोर में आ गिरा।

और उसके पीछे-पीछे- ग्रैंडमास्टर रोबो।

तो यह लड़की, तुम्हारी साथी है, ध्रुव! तभी इसने तुमको लॉकअप में जिंदा छोड़ दिया। और यहां आकर मेरा कंप्यूटर सिस्टम तबाह कर दिया।

जिस रास्ते पर तुम चल रहे हो, उस रास्ते पर सिर्फ तबाही मिलती है, रोबो!

अगर मेरी तकदीर में तबाही लिखी है...

... तो मैं तुम सबको तबाह करके ही जाऊंगा।

तड़. तड़ तड़

तड़ तड़ तड़

बचो, नताशा, चंडिका!

गोलियों की बौछार अपना-पराया कुछ भी नहीं देख रही थी।

पर ध्रुव के रहते, गोलियां ज्यादा देर तक शोर नहीं मचा सकती थीं।

तड़. तड़ तड़

एक सधी हुई किक ने, रोबो का हथियार बेकार कर दिया।
कड़ाक
और दूसरी किक ने उसे जमीन पर ला पटका-
तड़ाक
अब तेरी कोई चाल नहीं चलेगी, रोबो!
तेरे पर कट चुके हैं।
रोबो के पर तू नहीं गिन पाएगा, कमांडो!
रोबो की मशीनी आंख चमक उठी।
ओफ! लेसर किरण!
रोबो ने अपनी ताकत काफी बढ़ा ली है।
कड़ाक
रोबो की जब दूसरी आंख खुलती है, तो प्रलय आ जाती है।
कड़ड़ड़
प्रलय! वही, जिसमें धरती पानी से भर जाती है।
रोबो ने खुद ही मुझे अपनी हार का रास्ता बता दिया है।

अगले ही पल- ध्रुव तेजी से एक तरफ भागा।
चाहे कहीं भी भाग ले कमांडो! पर अपनी मौत से बचकर आज तक कोई भाग नहीं पाया।
ध्रुव भाग कर, एक्वेरियम वाले कक्ष में घुस गया था-
अब तू नहीं बचेगा, ध्रुव!
क्रुद्ध रोबो की लेसर किरण ध्रुव की तरफ लपकी-
लेकिन ध्रुव के बजाय, एक्वेरियम के शीशे से जा टकराई-
छनाक
एक भयंकर धमाका हुआ।
और प्रलय आ गई।
सर्रर्रर्र
पानी का भीषण रेला, इमारत के दरवाजों को तोड़ता हुआ, बाहर फैलने लगा।

पानी के रेले के साथ हर चीज, बहकर बाहर आ रही थी।
नताशा, चंडिका! पर ब्लैक कैट कहां है?
पता नहीं! जब हम गोलियों की बौछार से बचकर उठे तो, वह गायब हो चुकी थी।
रोबो भी कहीं नहीं दिख रहा है...
...अब किसी को ढूंढने का समय नहीं है।
भागो यहां से!
कुछ ही पलों बाद- ध्रुव, प्लास्टो को लाद कर नताशा और चंडिका के साथ, 'स्टारकॉप्टर' की तरफ भाग रहा था।
तुम ब्लैक कैट और रोबो को ढूंढने के लिए रुक क्यों नहीं रहे, ध्रुव?
इस पथरीली सतह के नीचे दहकते कोयलों की पर्त है, चंडिका! जब एक्वेरियम का पानी उस तक पहुंचेगा तो भाप बनेगी...
...और वह भाप नीचे से, इतनी जोर का दबाव मारेगी कि यह पूरा इलाका उड़ जाएगा।
यह सब होने में कुछ ही मिनट लगेंगे।
ध्रुव का अंदाज एकदम सही था।
कुछ ही मिनटों में एक कर्ण भेदी धमाका हुआ।
बड़ामममममम
और पूरा इलाका धूल में मिल गया।

पर तब तक स्टार हैलीकॉप्टर सुरक्षित आकाश में था।
इस बात का मुझे हमेशा अफसोस रहेगा, कि ब्लैक कैट को ढूंढ़ने के लिए हम रुक नहीं सके।
एक दुश्मन के लिए अफसोस कर रहे हो, ध्रुव?
ब्लैक कैट, दुश्मन नहीं थी, नताशा!
यह मुझे तभी पता चल गया था, जब मुझ पर उसने पुलिस लॉक अप में बम दागा था।
वह बम सिर्फ इतना शक्तिशाली था कि मुझे कुछ देर के लिए बेहोश कर सके!
ब्लैक कैट का मकसद मुझे खत्म करना कभी नहीं था।
पर रोबो को वह क्यों ढूंढ़ना चाहती थी, यह बात हम शायद कभी नहीं जान पाएंगे।
ब्लैक कैट का मकसद अभी मरा नहीं था।
मैंने चप्पा-चप्पा छान मारा! रोबो की लाश बाकी लाशों में नहीं है।
वह अभी मरा नहीं है।
और ब्लैक कैट भी अभी जिंदा है! हम फिर मिलेंगे, रोबो!
और फिर-राजनगर में-
वाह ध्रुव! तुमने हमेशा की तरह अपना वादा जान पर खेल कर भी निभाया।
पर प्लास्टो अभी तक बेहोश है, उसको तुमने क्या खिला दिया है, चंडिका?
एक कैप्सूल अंकल!
जिसमें आधी बेहोशी की दवा थी...
और आधा था तेज लाल मिर्च का पाउडर!
जो पेट और गले में तेज जलन पैदा करता है।
समाप्त